### एक नजर में

## नाबालिग बेटी को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**गुना।** जिले में अपहृत और गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बमौरी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए करीब तीन महीने से लापता एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित ढूंढ निकाला और उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले के अनुसार, 17 जनवरी 2026 को बमौरी थाने में एक बेबस पिता ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल अपराध क्रमांक 12/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बमौरी थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया ने टीम गठित कर बालिका की खोजबीन तेज की।

## मिलावटखोरों पर प्रशासन का शिकंजा

**गुना।** आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खाद्य पदार्थों की नियमित जाँच और सैंपलिंग की जाए। इसी कड़ी में शुक्रवार को विभाग की टीम ने गुना शहर और म्याना क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए नमूने एकत्र किए। कलेक्टर के निर्देशों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सक्रिय हुई और शहर के कई इलाकों में पहुँचकर सैंपलिंग की।

# आईपीएल सट्टे के दलदल में फंसते युवाओं के बीच बड़े गिरोह का पदार्फाश

## अवैध नेटवर्क पर बडा प्रहार : धरनावदा क्षेत्र में जिला बदर और 'टीआई' गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**गुना 24 अप्रैल का। आईपीएल के सीजन में जहाँ एक ओर क्रिकेट का रोमांच चरम पर है, वहीं दूसरी ओर सट्टे का काला कारोबार युवाओं की जिंदगी और भविष्य को दीमक की तरह चाट रहा है। गुना पुलिस ने इस अवैध नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार करते हुए धरनावदा थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर एक लग्जरी थार गाड़ी में बैठकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे तीन शातिर बदमाशों को दबोच लिया है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पुलिस मुस्तैद है, लेकिन सट्टे का यह जाल जिले के युवाओं को बबार्दी की कगार पर खड़ा कर रहा है।**



शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी हितिका वासल ने बताया कि 22 अप्रैल की रात मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे पर 'मिडवे ट्रीट' के पास एक बिना नंबर की थार गाड़ी में कुछ लोग मोबाइल के जरिए आईपीएल मैचों पर दांव लगवा रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपी ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। जैसे ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की, कार सवार बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विकास पाटिल, दिव्यांशु उर्फ नैनो और शुभम उर्फ टीआई के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि ये आरोपी 'मास्टर आईडी' के जरिए सट्टे का संगठित नेटवर्क चला रहे थे। ये गिरोह युवाओं को यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराकर उन्हें सट्टे की लत लगा रहा था। दिलचस्प बात यह है कि पकड़ा गया एक आरोपी शुभम खुद को 'टीआई' कहलवाना पसंद करता है, जो अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने इस मामले में कुल 12 लोगों को नामजद किया है, जिनमें से 3 गिरफ्तार हो चुके हैं और शेष 9 की तलाश में छापेमारी जारी है।

**सट्टे की लत: उजड़ रहे घर, कर्जदार हो रहे युवा**

गुना जिले में आईपीएल सट्टे का यह जाल कोई नया नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में सट्टे की वजह से जिले के सैकड़ों युवा कर्ज के भारी बोझ तले दब चुके हैं। सट्टे के इस 'शॉर्टकट' के चक्कर में कई युवाओं ने अपनी पुश्तैनी जमीनें, गहने और जीवन भर की कमाई गंवा दी है। जिले में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जहाँ कर्जदारों के दबाव में आकर युवाओं ने आत्मघाती कदम तक उठाए हैं। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद सट्टा माफिया नए-नए डिजिटल तरीकों से युवाओं को लुभा रहे हैं, जिससे उनकी जिंदगी दांव पर लग गई है।

**पुलिस की अपील: जाल में न फंसें युवा**

एडिशनल एसपी मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई में धरनावदा थाना प्रभारी रूहिल शर्मा और साइबर सेल की सराहनीय भूमिका रही। एसपी हितिका वासल ने आमजन, विशेषकर युवाओं और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन सट्टे जैसी अनैतिक गतिविधियों से दूर रहें। सट्टा न केवल आर्थिक रूप से बर्बाद करता है, बल्कि व्यक्ति को अपराध की दुनिया में भी धकेल देता है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों और युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले माफियाओं को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### अपराधियों का काला चिट्ठा

पकड़े गए आरोपियों का इतिहास बेहद खौफनाक है। मुख्य सरगना विकास पाटिल पर मारपीट, हथियार तस्करी और हत्या के प्रयास जैसे 20 गंभीर मामले दर्ज हैं। उसे मई 2025 में जिला बदर किया गया था, लेकिन वह आदेश की धज्जियाँ उड़ाकर गुना में ही सट्टा चला रहा था। वहीं दिव्यांशु उर्फ नैनो पर भी 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं।



## प्रतिभा का सम्मान : क्राइस्ट स्कूल में मेधावी छात्र पुरस्कृत

**गुना। क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपनी मेहनत और अनुशासन से सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।**

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित रहे। उनके साथ संस्था के प्राचार्य बाबू जॉन, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, पदम राग शर्मा और डॉ. रमा सिंह सहित विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि आज का दिन उन विद्यार्थियों की लगन और अनुशासन का प्रतिफल है जिन्होंने अपनी कक्षा में श्रेष्ठता सिद्ध की है।

विद्यार्थियों को सीख देते हुए कहा, 'केवल टॉप करना ही सब कुछ नहीं है। असली सफलता वह है जब आप अपने ज्ञान का उपयोग समाज और देश के उत्थान में करें। आप निरंतर सीखते रहें, लेकिन सफलता के शिखर पर पहुंचकर भी विनम्र बने रहें।

## भक्तांबर स्तुति मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन



**गुना।** स्थानीय शीतल नाथ जिनालय में भक्तांबर स्तुति मंडल के तत्वाधान में नई कार्यकारिणी के गठन और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ विधि कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवमयी समारोह में समाज की प्रबुद्ध महिलाओं और पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्ष शीतल नाथ जिनालय के पुण्यार्जक परिवार की कुसुम लता रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में गुना नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मंडल सदस्यों की बेटियों द्वारा मंगलाचरण और प्रतिभा जैन द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। समारोह के दौरान मंडल की संस्थापक डॉ. रागिनी चौधरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष पल्लवी जैन को विधिवत कार्यभार सौंपा। इसी प्रकार पूर्व मंत्री प्रियंका जैन ने सचिव नीलू जैन को और पूर्व कोषाध्यक्ष प्रीति जैन ने नवनियुक्त कोषाध्यक्ष बबीता मडवरिया को पदभार ग्रहण कराया। मीडिया प्रभारी करुणा जैन सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता और कुसुम लता ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। नई कार्यकारिणी ने पूर्व अध्यक्ष डॉ. रागिनी चौधरी को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित भी किया। मंडल सदस्यों के उन प्रतिभावान बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया जिन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन किया है। मीडिया प्रभारी करुणा जैन ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम अत्यंत आनंदमय और उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन नेहा जैन और सुरभि जैन द्वारा किया गया।

## विप्र उत्थान समिति ने किया समाजसेवी प्रमोद भार्गव का सम्मान




**गुना।** विप्र उत्थान समिति, नजूल कॉलोनी गुना द्वारा स्थापना दिवस एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विप्र बंधु शामिल हुए। प्रात: 8 से 10 बजे तक हवन-पूजन, 10 से 12 बजे तक विचार गोष्ठी और दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ बंधुओं, आचार्यों, विद्वानों, पुरोहितों एवं कथा वाचकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ओ पी त्रिपाठी ने की मुख्य वक्ता लखन शास्त्री और अवधेश शर्मा रहे। विचार गोष्ठी में लखन शास्त्री सुशील पाठक, विश्वनाथ तिवारी, वीरेंद्र भार्गव, डॉ गोविंद शर्मा राधेश्याम शर्मा कुंभराज, संजय तिवारी, चेतन शर्मा, आर डी शर्मा, डॉ सुरेन्द्र भार्गव, सुरेश कोशल, राजकमल शर्मा, सपना शर्मा ने विचार व्यक्तकरते हुए समाज में जागरूकता लाने के लिए संस्कार शिक्षा तथा समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया संत राघवेंद्र दास जी ने आगामी वर्ष में भगवान परशुराम जयंती पर चल समारोह परशुराम मंदिर से ही शुरू करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में नगर के समाज सेवी भजन राठौर का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम संचालन अनिल भार्गव ने तथा आभार डॉ सुरेंद्र भार्गव ने किया महिला समिति के नवीन पदाधिकारियों का गठन भी किया जिसमे सपना शर्मा कों अध्यक्ष बनाया गया। दान दाता मृदुल शर्मा कैंट प्रभाकर भार्गव गुना, इंद्र कुमार भार्गव, तथा कुंभराज के दान दताओ का भी सम्मान किया गया। सभा में कुंभराज से सुरेश बाबू शर्मा अंतुलाल शर्मा ओमप्रकाश शर्मा ब्रजमोहन शर्मा, बाबूलाल शर्मा, एस पी शर्मा, उमाशंकर भार्गव, मनोज शर्मा, गिर्राज भार्गव,अनिल चस्तुवेदी श्रोमति शेल भार्गव, मनीषा शर्मा सहित समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी भाई प्रमोद जी भार्गव का विशेष सम्मान किया गया। भाई प्रमोद जी भार्गव लगातार समाजसेवा में सक्रिय हैं। गरीब, असहाय, मानसिक रूप से विक्षिप्त, मूक-बधिर और बंधुआ मजदूरों को बंधक से मुक्त कराकर उनके परिजनों से मिलाने में उनकी मुख्य भूमिका रहती है। उनके इस सेवा कार्य की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। समिति ने सभी विप्र बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस ने निकाली बाइक रैली, एसपी ने जताई चिंता




नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर में सुरक्षित यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा एक विशेष बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी हितिका वासल ने स्वयं उपस्थित होकर इस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी, जहां पुलिस बल ने बैनर और नारों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित सफर का संदेश दिया। इस अवसर पर एसपी हितिका वासल ने शहरवासियों के व्यवहार को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहर में अपेक्षाकृत बहुत कम लोग हेलमेट का उपयोग कर रहे हैं, जो उनकी सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना किसी कानूनी मजबूरी के लिए नहीं, बल्कि स्वयं के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है। सभी बाइक सवार अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक बनें। पुलिस प्रशासन का मानना है कि केवल चालानी कार्रवाई कर देने से व्यवहार में स्थाई बदलाव नहीं लाया जा सकता। अनुशासन और सुरक्षा की भावना जगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की भी उतनी ही आवश्यकता है।

## गांधी वोकेशनल कॉलेज में 'नारी शक्ति वंदन' का आयोजन



नवभारत न्यूज

**गुना।** स्थानीय गाँधी वोकेशनल कॉलेज में 24 अप्रैल 2026 को 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंजूषा खत्री उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के चेयरमैन अवधेश श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि मंजूषा खत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने संघर्षपूर्ण जीवन और पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। खत्री ने अपने स्कूली जीवन की स्मृतियों को याद किया और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उनके प्रश्नों के उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। चेयरमैन अवधेश श्रीवास्तव ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि गाँधी वोकेशनल कॉलेज विगत 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में जिले का अग्रणी संस्थान बना हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि यह जिले का प्रथम ऑटोनॉमस कॉलेज है और 'नैक' से 'अ' ग्रेड प्राप्त है। इस अवसर पर बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.एस. श्रीवास्तव ने भी नारी सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। चेयरमैन अवधेश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन संध्या भार्गव द्वारा किया गया। अंत में प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## सगे भाई पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलखेड़ी डांग में हुई प्राणघातक हमले की वारदात में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह निर्णायक कार्यवाही की गई है। घटना 23 अप्रैल 2026 की है, जहाँ ग्राम पीपलखेड़ी डांग में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी घनश्याम भील ने अपने ही बड़े भाई रमेश भील पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने विवाद के दौरान तलवार (तेगा) से अपने भाई के सिर पर वार किया, जिससे रमेश भील गंभीर रूप से घायल हो गए।

## महिला आरक्षण को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का उग्र प्रदर्शन

**गुना।** महिला आरक्षण संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने को लेकर शुक्रवार को गुना में भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शहर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और जन आक्रोश रैली निकाली। शुक्रवार सुबह भिंड की जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता सड़कों पर उतरीं। यह आक्रोश रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हनुमान चौराहे पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और विपक्ष के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। विरोध के प्रतीक स्वरूप, प्रदर्शनकारियों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहीं कामना सिंह भदौरिया ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष ने जानबूझकर इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कांग्रेस हमेशा से देशहित के मुद्दों में रोड़ा अटकाती आई है। चाहे धारा 370 का मामला हो या अब महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का संवैधानिक अधिकार, कांग्रेस ने बार-बार अपना महिला विरोधी चेहरा उजागर किया है।

भाजपा महिला मोर्चा ने स्पष्ट कर दिया है कि यह विरोध प्रदर्शन केवल एक दिन की सांकेतिक कार्रवाई नहीं है। मोर्चा के पदाधिकारियों के अनुसार, इस लड़ाई को अब 'घर-घर' ले जाया जाएगा। पार्टी का लक्ष्य इस मुद्दे को एक व्यापक जन आंदोलन का रूप देना है ताकि जनता के बीच कांग्रेस की कथित मंशा को उजागर किया जा सके।



**आयोजन** कलेक्टर और एसपी ने संभाली कमान, सुरक्षा और सुविधाओं का खाका तैयार

# भैंसाना में 'श्री राम महायज्ञ' की भव्य तैयारियां

नवभारत न्यूज

**राघौगढ़। राघौगढ़ के समीप भैंसाना स्थित पं. बृजकिशोर पारीक 'गुड्डा' महाराज की तपोभूमि पर आगामी 18 से 28 मई तक सनातन धर्म संस्कृति के त्रिवेणी संगम के रूप में 'श्री राम महायज्ञ' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस विशाल अनुष्ठान की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने और जिम्मेदारियाँ तय करने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित पूरा प्रशासनिक अमला यज्ञ स्थल पर पहुँचा।**



यज्ञ भूमि का सूक्ष्म अवलोकन करने के बाद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इतना अलौकिक आयोजन देखा है, जहाँ स्वयं महाराज जी श्रमदान कर रहे हैं। कलेक्टर ने विश्वास जताया कि हनुमान जी की कृपा से यह महायज्ञ न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश में सुख-समृद्धि और खुशहाली का उदाहरण बनेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में उनके साथ खड़ा है। कलेक्टर ने आवागमन को सुगम बनाने के लिए मौके पर ही निर्देश जारी किए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी तेज सिंह यादव को 1 किलोमीटर कंक्रीट सड़क और पंचायत को 3 किलोमीटर सड़क पर मुरमीकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्वयं मुरम उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। शासकीय भूमि पर की गई अवैध तार फेंसिंग को हटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यदि स्वेच्छा से फेंसिंग नहीं हटाई गई, तो प्रशासन सख्ती से उसे हटवाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन को 'वन-वे' रखा जाएगा और हर महत्वपूर्ण पॉइंट पर पुलिस बल तैनात रहेगा। यज्ञ स्थल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यज्ञ स्थल के पास झूलों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। आसपास के खेतों में नरवाई (फसल अवशेष) को मलचिंग के जरिए दबवाया जाएगा ताकि आग का खतरा न रहे। आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिले भर की फायर ब्रिगेड और पड़ोसी पंचायतों के पानी के टैंकरों को स्टैंडबाय पर रखने के निर्देश एसडीएम अमित सोनी को दिए गए।

**तत्परता से टला बड़ा हादसा**

निरीक्षण के दौरान ही भैंसाना में यज्ञ भूमि के समीप एक खेत की नरवाई में अचानक आग भड़कने से अफरा-तफरी मच गई। लगभग 10 बीघा खेत में फैली इस आग पर राघौगढ़ नगरपालिका, गेल और जेपी की फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। घटना के वक्त सीएमओ तेज सिंह यादव और नपा का अमला मौके पर मौजूद था। इसके तुरंत बाद कलेक्टर और एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की।

**200 गाँवों के स्वयंसेवक संभालेंगे कमान**

तपोनिष्ठ गुड्डा महाराज ने प्रशासन का सम्मान करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश और राजस्थान के लगभग 200 गाँवों के हजारों स्वयंसेवक इस महायज्ञ में अपनी सेवाएँ देंगे। अधिकारियों को विधिवत रूप से यज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। एसडीएम अमित सोनी, एसडीओपी दीपा डोडवे सहित राघौगढ़ के थाना प्रभारी मौजूद रहे।




## एसएल के मेधावी नितिन जाट ने बढ़ाया गुना का मान, प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पांचवां स्थान

नवभारत न्यूज

**गुना।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले स्थानीय एस.एल. मेमोरियल स्कूल के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के प्रतिभावान छात्र नितिन जाट ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और अपनी संस्था को गौरवांवित किया है।

छात्र नितिन जाट पुत्र विश्ववीर सिंह जाट की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने नितिन सहित जिले के अन्य 06 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। एस.एल. मेमोरियल स्कूल के छात्र नितिन जाट ने कड़ी मेहनत और लगन का परिचय देते हुए परीक्षा में 495 अंक अर्जित किए हैं। इस शानदार स्कोर के साथ उन्होंने मध्य प्रदेश की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में पांचवां स्थान हासिल किया है। नितिन की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गौरवांवित किया है। एस.एल. मेमोरियल स्कूल की इस बड़ी उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और शैक्षणिक स्टाफ में खुशी की लहर है। संस्था की प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नितिन को मिठाई खिलाकर और बधाई देकर अपनी खुशी साझा की।